# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या–01

पंचदश (बजट) सत्र
शुक्रवार, दिनांकः–23 फरवरी, 2024 ई०।

**समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 11:40 पूर्वा० तक।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)**

### 1. प्रारंभिक वक्तव्य

माननीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा पंचदश (बजट) सत्र के शुभ अवसर पर सभी माननीय सदस्यगण का हार्दिक अभिनंदन करते हुए जोहार कहा गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि पंचम् झारखण्ड विधान का यह अंतिम बजट सत्र है। पिछले चार वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने विधान सभा चुनावों में किए गए अपने वादों के अनुरूप कार्य किया है और अपनी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में राज्य के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है।

2019 के विधान सभा के चुनाव के बाद राज्य की जनता ने जो जनमत दिया था, वह बिल्कुल स्पष्ट था। परंतु राज्य के विभिन्न राजनीतिक परिस्थितियों के कारण जो अस्थिरता उत्पन्न हुई है इसी कारण आज उसी जनमत पर आधारित एक नई सरकार इस बजट सत्र में अपना बजट प्रस्तुत करने जा रही है। सदन नेता आदरणीय चंपाई सोरेन जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 5 फरवरी को इस पवित्र सदन का विश्वास हासिल किया था। अब नई सरकार पूर्ण रूप से गठित हो गई है और माननीय मंत्रिगणों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया है। माननीय मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रिगणों को आने वाले समय में जनसेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए मैं अपनी शुभकामनायें देता हूँ। इस नये मंत्रिमण्डल में दो नये युवा यशस्वी चेहरों को शामिल किया गया है। मैं माननीय मंत्री श्री बसंत सोरेन जी एवं माननीय श्री दीपक बिरूवा जी को मंत्री के रूप में बेहतर कार्यों के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूँ। मुझे विश्वास है कि आप दोनों मंत्रीगण **'दिशोम गुरू'** आदरणीय शिबू सोरेन जी द्वारा क्रांति की जो अलख जलाई गयी थी, उसे बुझने नहीं देंगे और अपने कार्यों से उसे अधिक और मजबूती प्रदान करेंगे।

माननीय सदस्यगण, वर्तमान सत्र के दौरान कुल सात बैठकें निर्धारित हैं, जिनमें सरकार द्वारा वर्ष 2023–24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 का आय–व्ययक का उपस्थापन किया जायेगा। राजकीय विधेयक एवं गैर सरकारी संकल्प के लिए एक दिन निर्धारित है। इसके अतिरिक्त प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियमों के अधीन माननीय सदस्यों को जन–सरोकार से जुड़े विषयों और समस्याओं पर सत्र के दौरान प्रश्काल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण सूचनाएं, प्रस्तावों और संकल्पों को उठाने के अवसर भी प्राप्त होंगे।

सदस्यगण, बजट राज्य के आय–व्यय का दर्पण होता है, जिसके माध्यम से आप सभी को अवसर मिलेंगे कि सरकार के वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करें तथा जिन क्षेत्रों में विकास की ज्यादा जरूरत है, उन क्षेत्रों में सरकार को ज्यादा राशि के निवेश के लिए परामर्श दें। बजट प्रस्ताव और अनुदान की मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदस्यों के जो उपयोगी और सार्थक सुझाव आते हैं, उन्हें आने वाले वित्तीय वर्षो व बजट या चालू वित्तीय वर्ष के ही अनुपूरक बजटों में समाहित कर 'बजटीय प्रबंधन' में

माननीय सदस्यों की भूमिका को सुनिश्चित किया जा सकता है। आप बजट प्रस्तावों और कटौती प्रस्तावों पर अपनी बातों को जनहित में अवश्य रखें।

माननीय सदस्यगण पंचम् झारखण्ड विधान सभा समाप्ति की ओर है। जनता ने अपना स्पष्ट अभिमत वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव में दिया। वास्तव में जनता से ही अंतिम संप्रभुता निहित होता है हर बार हमसब चुनावों में जाते हैं, तो कुछ वादों की फेहरिस्त को जनता के सामने प्रस्तुत करते हैं। जनता उन वादों का और उन वादों को निभाने की दिशा में किये गये ईमानदार प्रयासों का मूल्यांकन/आकलन करती है और अपनी इसी तोल–मोल के आधार पर अपने जनमत का प्रयोग करती है। कई बार हमें यह भ्रांति हो जाती है कि लोकमत की यादाश्त बहुत छोटी होती है। परंतु जनता सब बातों–व्यवहारों का स्मरण रखती है और इसके आधार पर ही अपने जनप्रतिनिधियों का चयन करती है।

झारखण्ड एक आंदोलन की उपज है। देश में राज्य निर्माण का सबसे लम्बा एवं अहिंसक आंदोलन का इतिहास इस राज्य का है। खनिज–संसाधनों से परिपूर्ण यह राज्य अपने संसाधनों के कारण ही शोषण और दमन का शिकार रहा है। परंतु इतिहास साक्षी है कि हर दमन और शोषण का प्रतिकार कर यह राज्य हमेशा पूरी मजबूती के साथ खड़ा हुआ।

अंत में, मैं पंकज सिंह की इन पंक्तियों को पढ़कर आप सभी माननीय सदस्यों का इस बजट सत्र को राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता के आशाओं के अनुरूप बनाए रखने का आह्वान करना चाहता हूँ।

*गुजरने दो इन सर्द हवाओं को मांसपेशियों से एक–एक शिरा से*
*हड्डियों में बसे सदियों के धूसर अपमानों से*
*हम क्रूरताओं की बौछारों में पैदा हुए*
*हम क्रुरताओं में पले*
*जैसे पत्थर के नीचे दबी घास*
*जैसे राख में जिंदा आग*
*और फिर यह कोई कम बड़ा अचरज है*
*कि हम है।*
*अपने होने भर से सारा का सारा जंगल हिलाते हुए*
*हम जानते हैं आएगा एक दिन बसंत*
*जिंदा चीजों को दुलारता हुआ।*

**(इस अवसर पर विपक्ष के सदस्गण जे.एस.एस.सी. घोटालों की सीबीआई जांच की मांग के समर्थन में वेल में आकर शोरगुल/नारेबाजी करते रहे।)**

## 2. सभापति का मनोनयन

आसन द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–10(1) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के पंचदश (बजट) सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सदस्यों को सभापति मनोनीत किया गया–

1. श्री स्टीफन मराण्डी — स०वि०स०
2. श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी — स०वि०स०
3. श्रीमती सीता मुर्मू — स०वि०स०
4. श्री रामचन्द्र सिंह — स०वि०स०
5. श्री निरल पुरती — स०वि०स०

## 3. कार्यमंत्रणा समिति का गठन

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन के नियम–224(1) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान सभा के पंचदश (बजट) सत्र के लिए कार्य–मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया–

1. श्री रबीन्द्र नाथ महतो — अध्यक्ष — सभापति
2. श्री चम्पाई सोरेन — मुख्यमंत्री — सदस्य

3. श्री अमर कुमार बाउरी नेता, प्रतिपक्ष सदस्य
4. श्री आलमगीर आलम संसदीय कार्यमंत्री सदस्य
5. श्री सत्यानन्द भोक्ता मंत्री सदस्य
6. श्री सुदेश कुमार महतो स०वि०स० सदस्य
7. श्री सरयू राय स०वि०स० सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

1. डॉ0 रामेश्वर उराँव मंत्री
2. श्री बसंत सोरेन मंत्री
3. श्री नलिन सोरेन मुख्य सचेतक (सत्तापक्ष)
4. श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह स०वि०स०
5. प्रो0 स्टीफन मराण्डी स०वि०स०
6. श्री लोबिन हेम्ब्रम स०वि०स०
7. श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा स०वि०स०
8. श्री प्रदीप यादव स०वि०स०
9. श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी स०वि०स०
10. श्री मथुरा प्रसाद महतो स०वि०स०
11. श्रीमती अपर्णा सेन गुप्ता स०वि०स०
12. श्री विनोद कुमार सिंह स०वि०स०
13. श्री कमलेश कुमार सिंह स०वि०स०
14. श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। आसन से घोषणा की गई कि आज सभा की कार्यवाही के तुरन्त बाद इस समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में होगी, जिसमें सभी माननीय सदस्यों को उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया गया।

## 4. औपचारिक कार्य

आसन की अनुमति से सभा सचिव द्वारा झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की विवरणी सभा पटल पर रखी गई, जिसपर माननीय राज्यपाल महोदय ने अपनी अनुमति प्रदान की है–

माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमत विधेयक की विवरणी–

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | झारखण्ड विनियोग (संख्या–04) विधेयक, 2023 | 28.12.2023 | 16/2023 |
| 2 | प्रज्ञान इन्टरनेशनल विश्वविद्यालय (निरसन) विधेयक, 2023 | 16.02.2024 | 01/2024 |

## 5. वित्तीय कार्य

आसन से पुकारे जाने पर वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री श्री रामेश्वर उराँव द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 203 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर शोधन के दौरान आने वाले भारों के वहन के लिए **4981,03,00,000–(चार हजार नौ सौ इक्यासी करोड़ तीन लाख)** रूपये मात्र का तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण सभा में उपस्थापित किया गया।

तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण पर माननीय सदस्य अपने कटौती प्रस्ताव की सूचना आज दिनांक–23 फरवरी, 2024 को 04:00 बजे अप० तक सभा सचिव को दे सकेंगे।

## 6. कृत कार्रवाई प्रतिवेदन का उपस्थापन (ATR)

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, डॉ0 रामेश्वर उराँव द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–244(2) के अधीन पंचम् झारखण्ड विधान

सभा के त्रयोदश (शीतकालीन) सत्र में विभिन्न विषयों पर सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों से संबंधित **"कृत कार्रवाई प्रतिवेदन"** की प्रति सभा पटल पर उपस्थापित की गयी।
(माननीय नेता, प्रतिपक्ष ने सी.जी.एल. परीक्षा के पेपर लीक मामले की सी.बी.आई. जांच की मांग की। आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव ने सदन को संसूचित किया कि किसान आंदोलनरत हैं, जिनका जोर–जबरदस्ती से दमन किया जा रहा है। साथ ही आग्रह किया कि किसान आंदोलन के साथ होने का प्रस्ताव जाना चाहिए कि हम आपके साथ हैं।)

## 7. शोक प्रकाश

विगत् सत्र से अब तक की अवधि में हमारे बीच से कई राजनेता, कलाकार और आम नागरिक गुजर गये। इनमें से मनोहर जोशी, चंद्रिका महथा, ब्रह्मानंद मंडल, गुणानंद झा, सरयुग मंडल, फली एस0 नरीमन, आचार्य विद्यासागर, डॉ प्रभा अत्रे, उस्ताद राशिद खान और अमीन सयानी आदि प्रमुख है। इन महानुभावों के प्रति अध्यक्ष महोदय ने अपना शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ ही सी.आर.पी.एफ. के 03 जवान, 04 सैनिक, नक्सली हमले में मारे गए 02 जवान सहित रेल हादसे में इटखोरी के जवान के प्रति भी शोक व्यक्त किया गया।

तत्पश्चात् पुकारे जाने पर माननीय सदन नेता एवं मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन, माननीय नेता, प्रतिपक्ष श्री अमर कुमार बाउरी, माननीय मंत्री डॉ0 रामेश्वर उराँव, माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, माननीय सदस्य श्री सुदेश कुमार महतो, माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव, माननीय सदस्य श्री विनोद कुमार सिंह, माननीय सदस्य श्री कमलेश कुमार सिंह, माननीय सदस्य श्री सरयू राय एवं माननीय सदस्य श्री अमित कुमार यादव ने भी इनके प्रति शोक–संवेदनायें व्यक्त की गयी। इसके उपरान्त दो मिनट का मौन रखा गया।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक–26 फरवरी, 2024 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची
दिनांक–23.02.2024

सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान–सभा, राँची।